प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

थाना को0अकबरपुर

दिनांक-11.01.2025

जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0 अकबरपुर पुलिस व स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 03 नफर शातिर चोरों को 02 अदद मोटरसाइकिल व अन्य सामान सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री केशव कुमार के निर्देशन में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (पश्चिमी) श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-746/24 धारा-305 बीएनएस में वादी मुकदमा अमर बहादुर यादव पुत्र टेकई प्रसाद यादव निवासी रग्घूपुर थाना को0 अकबरपुर अम्बेडकरनगर के घर हुई चोरी व मु0अ0सं0-601/24 धारा-303(2) बीएनएस मे वादी मुकदमा किशन वर्मा पुत्र राम कुमार वर्मा नि0 देईपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर की मोटरसाइकिल चोरी के तलाश के सम्बन्ध में मोटरसाइकिल की बरामदगी व उक्त चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे थे।

इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर जमुनीपुर नहर के पास पुलिस टीम द्वारा दौराने चेकिंग 03 नफर संदिग्ध व्यक्ति 01-दिग्विजय वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम सतरही थाना सम्मनपुर मूल पता तेंदुआ पियारेपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर 02-प्रियांशु कन्नौजिया पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम सतरही थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर 03- राजन वर्मा पुत्र बेकारू राम वर्मा निवासी ग्राम बरौरा कल्याणपुर थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल (वाहन संख्या-UP42AH3276) बरामद हुई जो मु0अ0सं0- 601/24 धारा-303(2) बीएनएस सम्बन्धित है। पुलिस टीम द्वारा कढ़ाई से पुछताछ करने पर बताया गया कि ग्राम रग्घूपुर में एक घर मे घुस कर जेवरात व पैसे चोरी किये गये थे जिसे अभियुक्तों द्वारा राहगीरो में बेच दिया गया था। अभियुक्तों के पास से कुल चोरी के 8200/- रुपये बरामद हुये है जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-746/24 धारा-305 बीएनएस पंजीकृत है। उपरोक्त अभियुक्तों से एक अन्य मोटरसाइकिल (वाहन संख्या-UP 45AE 8451) बरामद हुई जिसके सम्बन्ध में थाना अलीगंज मे मु0अ0सं0-9/25 धारा-303(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तों से चोरी का 01 अदद इनवर्टर व 02 अदद बैटरी बरामद हुई है जिसके सम्बन्ध में थाना को0 टाण्डा में मु0अं0सं0-9/25 धारा-331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तगण मय माल के समय करीब 02.15 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त फरार है जिसे अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण-

01.दिग्विजय वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम सतरही थाना सम्मनपुर मूल पता तेंदुआ पियारेपुर थाना टांण्टा जनपद अम्बेडकरनगर।

02.प्रियांशु कन्नौजिया पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम सतरही थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

03.राजन वर्मा पुत्र बेकारू राम वर्मा निवासी ग्राम बरौरा कल्याणपुर थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

बरामदगी-

मोटरसाइकिल (वाहन संख्या-UP42AH3276) सुपर स्प्लेन्डर

मोटरसाइकिल (वाहन संख्या-UP 45AE 8451) HF DELUXE

एक अदद इनवर्टर व 02 अदद बैटरी

चोरी के कुल 8200/- रुपये

गिरफ्तारी दिनांक-11.1.2025 **समय–** 02.15 बजे

गिरफ्तारी स्थान– जमुनीपुर नहर

विवरण आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण (उपरोक्त)-

मु0अ0सं0-746/24 धारा 305 बीएनएस थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

मु0अ0सं0-601/24 धारा 303(2) थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

मु0अ0सं0-9/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।

मु0अं0सं0-9/25 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

01.प्र0नि0 थाना को0 अकबरपुर श्री श्रीनिवास पाण्डेय मय टीम

02.उ0नि0 अभिषेक त्रिपाठी (प्रभारी स्वाट टीम) मय टीम

03.उ0नि0 प्रभाकांत तिवारी(प्रभारी सर्विलांस सेल) मय टीम